S.No.	Source	Edition	Date	Page	Context
1	नई दुनिया	इंदौर	31.08.2024	IV	अब कृष्ण ही लगाएंगे मेट्रो की नैया पार

IV नईदुनिया
इंदौर, शनिवार, 31 अगस्त, 2024

शहर अपना शहर

अब 'कृष्ण' ही लगाएंगे मेट्रो की नैया पार

चलते चलते

उदय प्रताप सिंह

पिछले एक साल में मेट्रो रेल कार्पोरेशन में दो एमडी बदल गए हैं। जन्माष्टमी से पहले एस कृष्ण चैतन्य को मेट्रो का एमडी बनाया गया। उनके पास मेट्रो के अलावा किसी विभाग का प्रभार नहीं रखा है। इस बार यह कवायद हो रही है कि इंदौर-भोपाल के मेट्रो को गति देकर जल्द से जल्द पटरी पर ला सकें। इंदौर में मेट्रो निर्माण को लेकर जनप्रतिनिधियों व अन्य लोगों के असंतोष के बाद यह तय नहीं हो पा रहा है कि दिसंबर में मेट्रो के प्रायरिटी कारिडोर पर कमर्शियल रन शुरू होगा या नहीं। वहीं बंगाली चौराहे से मेट्रो को अंडर ग्राउंड करने का मुद्दा भी अभी उलझन में है। नए एमडी ने इंदौर आकर दौरा तो कर लिया है। ऐसे में अब 'कृष्ण' से ही उम्मीद है कि वो मेट्रो की नैया को पार लगाएंगे। मेट्रो का काम गति पकड़ेगा और जो भी बाधाएं होंगी, उन्हें दूर किया जा सकेगा।

पिछले दिनों मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने इंदौर आकर मेट्रो के चल रहे मौजूदा कार्यों को अवलोकन किया था। ● फाइल फोटो

S.No.	Source	Edition	Date	Page	Context
2	पत्रिका	इंदौर	31.08.2024	03	#MetroTrain: यलो लाइन मेट्रो का दिसंबर में होगा कमर्शियल रन

#MetroTrain: यलो लाइन मेट्रो का दिसंबर में होगा कमर्शियल रन

एक साल में इंदौर आए 7 कोच, कर्मचारियों की नियुक्ति जारी...

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल रन दिसंबर में होने का दावा है। अभी करीब 5.8 किलोमीटर में ट्रेन चलाने की तैयारी है, जबकि जुलाई 2025 में 17 किलोमीटर यानी गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक ट्रेन चलाने की बात कही जा रही है। मेट्रो ट्रेन के लिए वडोदरा की कंपनी में बने पहले 3 कोच 30-31 अगस्त 2023 को इंदौर आए थे। एक साल में 7 कोच आए हैं। कमर्शियल रन के लिए स्टेशन के शेष काम तेजी से करने के साथ कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया भी आगे बढ़ रही है।

इंदौर में चलने वाली मेट्रो यलो लाइन है। चूंकि देवी अहिल्या की नगरी में मेट्रो चलनी है, इसलिए इसे अहिल्या एक्सप्रेस नाम देने की भी तैयारी है। मालूम हो, तीन डिब्बों का एक कोच है और इंदौर में 25 कोच चलाने की तैयारी है। जुलाई में इंदौर डिपो को छठा तो दो दिन पहले सातवां कोच मिला है। सभी मेट्रो कोच के इंजिन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) आधारित होते हैं, जिनका संचालन बिना पायलट के भी कर सकते हैं। अफसरों के मुताबिक, शुरुआती दौर में पायलट की मदद से मेट्रो का संचालन होगा, बाद में बिना पायलट ट्रेन रन करेगी। बुधवार को मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के नए एमडी कृष्ण चैतन्य ने अफसरों के साथ दौरा किया था।

स्टेशनों का 80 प्रतिशत काम पूरा

अफसरों का दावा है कि सभी स्टेशनों का काम लगभग 80 प्रतिशत पूरा हो गया है। निरीक्षण के बाद अन्य कार्यों में भी तेजी लाई गई है। कमर्शियल रन के लिए स्टेशन पर टिकट खिड़की, चेकिंग आदि के लिए कर्मचारियों की तैनाती की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। मेट्रो कॉर्पोरेशन के निदेशक (सिस्टम) शोभित टंडन के मुताबिक, इंदौर मेट्रो के लिए 7 कोच आ चुके हैं। ट्रायल जारी है। अधूरे काम तेजी से पूरे करने का प्रयास हैं।